# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2024

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका वर्ष 13 अंक 49 (जनवरी, 2024)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**
**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी.सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

✓ **सीरी संस्थान में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 का आयोजन।**

भारत सरकार एवं सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में सीरी संस्थान में दिनांक 02 से 31 अक्टूबर, 2023 के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 चलाया गया। डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में संस्थान परिसर में स्वेच्छा से स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य सहकर्मी शामिल हुए। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/समूहों के कार्मिकों द्वारा अपने-अपने सहयोगियों की मदद से अपने कार्य स्थल की स्वच्छता की गई।

✓ **सीरी में 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन।**

संस्थान में दिनांक 08 नवम्बर, 2023 को आयुर्वेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमेश जाजू, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक (सेवानिवृत्त), बिरला सार्वजकि अस्पताल, पिलानी, ने 'जीवन में आयुर्वेद का महत्व एवं उपयोगिता' विषय पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक ने की। संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकगण सहित नियमित एवं अन्य सहकर्मी तथा प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। डॉ. रमेश जाजू एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा इसके बाद आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दिनांक 10 नवंबर, 2023 को संस्थान में महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिविर एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान के डॉ. दारा सिह रौतवार, डॉ. कलीम मुहम्मद एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

✓ **संस्थान में तृतीय जनजातीय गौरव दिवस- 2023 का आयोजन**

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार संस्थान में दिनांक 16 से 22 नवम्बर, 2023 को देश के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रा सेनानी और जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवम्बर, 2023) को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य पर दिनांक 16 नवम्बर, 2023 को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने अमर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी श्री बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दिनांक 22 नवम्बर, 2023 को संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री महेन्द्र सिह द्वारा भारत सरकार द्वारा देशभर में चलाई जा रही जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं पर भी व्याख्यान दिया गया।

✓ **पीएम श्री योजना और जिज्ञासा के अंतर्गत स्कूली छात्रों का सीरी में शैक्षणिक भ्रमण**

भारत सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर एवं अन्य सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिज्ञासा एवं इस्पायर जैसे कार्यक्रम इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाते हैं। गतवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर आरंभ की गई 'प्रधानमंत्री श्री (पीएम श्री) योजना' ऐसा ही एक प्रयास है। इस योजना के अंतर्गत 11, 12 व 13 दिसंबर, 2023 को जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा और जवाहर नवोदय विद्यालय, श्रीगंगानगर के 382 विद्यार्थियों एवं 13 शिक्षकों ने संस्थान का भ्रमण किया। इसके अलावा 'जिज्ञासा' कार्यक्रम के अंतर्गत 14 दिसंबर, 2023 को प्रिस करियर पॉइंट, सीकर के 96 विद्यार्थियों एवं 11 शिक्षकों ने संस्थान का शौक्षणिक भ्रमण किया।

✓ **केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिह शेखावत का सीएसआईआर-सीरी आगमन**

भारत सरकार में जल शक्ति मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री श्री गजेनद्र सिह शेखावत का दिनांक 22 नवम्बर, 2023 को सीएसआईआर-सीरी आगमन हुआ। डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने माननीय मंत्री जी का औपचारिक स्वागत किया। डॉ. पंचारिया ने माननीय शेखावत जी को संस्थान की शोध उपलब्धियों एवं प्रमुख शोध उपलब्धियों से अवगत कराया। श्री शेखावत ने संस्थान में चल रही वैज्ञानिक गतिविधियों की सराहना करते हुए डॉ. पंचारिया और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी।

✓ **सीरी संस्थान द्वारा विकसित डीसी माइक्रोगिड को मिला 'बेस्ट टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन अवार्ड' सेमिकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन पर डीएसटी-एसईआरबी कार्यशाला का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित 'रीन्यूएबल एनर्जी बेस्ड डीसी माइक्रोग्रिड सिस्टम' को रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) के रक्षा जैव ऊर्जा अनुसंधान संस्थान (डीआईबीईआर) की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में हल्द्वानी, उत्तराखंड में 14 से 16 अक्टूबर, 2023 के दौरान आयोजित 'किसान-जवान-विज्ञान मेला' में 'बेस्ट टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आनंद अभिषेक एवं उनकी टीम द्वारा विकसित नवीकृत ऊर्जा आधारित डीसी माइक्रोग्रिड सिस्टम को यह सम्मान मेले में आयोजित समारोह में डॉ. यू के सिह, महानिदेशक (जीव विज्ञान), डीआरडीओ ने प्रदान किया। डॉ. आनंद एवं उनकी टीम द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी सौर ऊर्जा से चालित है जिससे हर समय (24x7) बिजली प्राप्त की जा सकेगी। यह डीसी माइक्रोग्रिड प्रणाली एसी माइक्रोग्रिड की अपेक्षा अधिक कार्यकुशल है।

✓ **संस्थान में कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम विषयक व्याख्यान का आयोजन**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में दिनांक 4 से 9 दिसंबर, 2023 की अवधि देश भर में 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह' के रूप में मनाई जा रही है। माननीय मंत्रालय एवं सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त अनुदेशों के अनुपालन में सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 8 दिसंबर, 2023 को श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। आयोजन

का उद्देश्य कार्य स्थल पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने एवं इस संबंध में सहकर्मियों को संवेदनशील/सुग्राही बनाना था। संस्थान के सभागार में आयोजित व्याख्यान के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा अन्य सहकर्मीवृंद के साथ-साथ महिला सहकर्मी, परियोजना कार्मिक एवं शोधार्थी आदि उपस्थित थे।

✓ **संस्थान में 'उद्यमिता के लिए स्मार्ट कृषि' विषय पर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन**

भारत सरकार किसानों की आय को बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है और विद्यार्थियों सहित युवा किसानों को विभिन्न योजनाओं ओर कार्यक्रमों के माध्यम से खेती-बाड़ी में नई तकनीक के उपयोग से कृषि उपज को बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। 'सीएसआईआर-सीरी' भी इलेक्ट्रॉनिक्स के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने के लिए और अन्य जानकारियां किसानों से साझा करने के लिए समय-समय पर किसान मिला, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि का आयोजन करती है। इसी कड़ी में संस्था न में चौधरी चरण सिह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रिकल्चरल मार्केटिंग-एनआईएएम) जयपुर के सहयोग से दिनांक 27 से 29 दिसम्बर, 2023 तक छात्र-छात्राओं के लाभार्थ 'अद्यमिता के लिए स्मार्ट कृषि' विषय पर तीन-दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्मार्ट कृषि और उद्यमिता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## पुरस्कार / सम्मान

✓ **सीएसआईआर-रमन रिसर्च फेलोशिप**

डॉ. भाऊसाहेब अशोक बोले, प्रधान वैज्ञानिक को बॉर्नमाउथ विश्व विद्यालय, इंग्लैंड (यू.के.) में शोध कार्य हेतु वर्ष 2023-24 के लिए प्रतिष्ठित सीएसआईआर-रमन रिसर्च फेलोशिप प्रदान की गई है।

**शोध शीर्षक** – ह्यूमन कम्प्यूटर इंटरफेस बेस्ड असिस्टिव रोबोटिक स्मार्ट व्हीलचेयर्स फॉर द एल्डर्ली एण्ड द पीपुल विद डिसेबिलिटीज़

**अवधि** – तीन माह

✓ **डॉ. मर्सी लता और डॉ. विषांत सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2022 से सम्मानित**

सीएसआईआर-सीरी के दो वैज्ञानिक डॉ. ए. मर्सी लता और डॉ. विषांत को वर्ष 2022 के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया गया है। सीरी के चेन्नै केंद्र में कार्यरत डॉ. मर्सी लता को इंजीनियरिंग विज्ञान वर्ग में और पिलानी मुख्यालय में कार्यरत डॉ. विषांत को भौतिक विज्ञान (इंस्ट्रुमेन्टेशन सहित) वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार दिनांक 26 सितम्बर, 2023 को सीएसआईआर- राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में माननीय केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिह जी ने प्रदान किया।

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

1. **उद्योग/क्लाइंट :** इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** शोध एवं विकास
**दिनांक** – 13 अक्टूबर, 2023

2. **उद्योग/क्लाइंट :** राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** टेस्टिंग एण्ड करेक्ट्राइजेशन
**दिनांक** – 13 अक्टूबर, 2023

3. **उद्योग/क्लाइंट :** प्लाष्टि सर्ज इंडस्ट्रीज प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आईओटी इनेबेल्ड हैंडहेल्ड वाटर क्वालिटी एण्ड डिस्चार्ज मेजरमेंट सिस्टम
**दिनांक** – 06 नवम्बर, 2023

4. **उद्योग/क्लाइंट :** कायंस सेमीकोन प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :**
**दिनांक** – 31 अक्टूबर, 2023

5. **उद्योग/क्लाइंट :** ग्लोबल फाउन्ड्रीज़ सिगापुर प्रा. लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** बिजनेस रिलेशनशिप इन्वॉल्विंग सेमीकंडक्टर प्रोडक्ट्स प्रोसेसेज़ और सर्विसेज़
**दिनांक** – 04 नवम्बर, 2023

6. **उद्योग/क्लाइंट :** प्रेम सर्जिकल गाजियाबाद
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आईओटी इनेबेल्ड एन्सकोपी डेवलपमेंट
**दिनांक** – 18 दिसम्बर, 2023

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

1. **शीर्षक :** द एच-ब्रिज टेक्नीक एलाउज़ द एलईडीज़ टु बी ऑपरेटेड ऑन एसी मेन्स इन करंट लिमिटेड फुल वेव मोड टु रिलीज एन एफिशियंट सॉलिड स्टेट लैम्प
**शोधकर्ता/लेखक :** सुबोध जौहरी, कुलदीप सिह, प्रतीक जौहरी
**पेटेन्ट स्वीकृति तिथि :** 31 अक्टूबर, 2023
**स्वीकृति सं. :** 463940

2. **शीर्षक :** डिवाइस यूजफूल फॉर मास्क एलाइनमेंट
**शोधकर्ता/लेखक :** पंकज भूषण अग्रवाल, अजय शिवम पवार, बुद्ध राम, अजाय घोष अयप्पान पिल्लै
**पेटेन्ट स्वीकृति तिथि :** 31 अक्टूबर, 2023
**स्वीकृति सं. :** 464456

3. **शीर्षक :** इलेक्ट्रिक पॉवर कंट्रोलिंग सिस्टम एण्ड मेथड ऑफ प्रेसिस पॉवर कंट्रोलिंग फॉर ई-व्हीकल्स
**शोधकर्ता/लेखक :** भाऊसाहेब अशोक बोले, बृजेन्द्र कुमार वर्मा, समर्थ सिह, राजेन्द्र कुमार वर्मा, चिराग मिस्त्री, जय गोपाल पाण्डे
**फाइल करने की तिथि :** 04 अक्टूबर, 2023
**आवेदन सं. :** IN202311066470

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 9वीं आईईई इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स (आईआईसीपीई-2023)
**स्थान** – मुरथल

**दिनांक** – 28-30 नवम्बर, 2023

**शोध पत्र – 1.** हार्डवेयर इम्प्लीमेंटेशन ऑफ इंटरलीव्ड डीसी-डीसी बक कन्वर्टर फॉर लीथियम आयन बैटरी चार्जिंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री सुभाष कुमार राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक

**शोध पत्र – 2.** ऐस्टीमेशन ऑफ स्टेट ऑफ हैल्थ ऑफ लीथियम-आयन बैटरीज़ यूजिग डाटा ड्रिवेन टेक्नीक

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री बृजेन्द्र कुमार वर्मा, प्रधान वैज्ञानिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 10वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पैटर्न रिकॉग्निशन एण्ड मशीन इंटेलिजेंस (पीआरईएमआई'23)

**स्थान** – आईएसआई (कोलकता)

**दिनांक** – 12-15 दिसम्बर, 2023

**शोध पत्र** – सेमी-सुपरवाइज्ड कॉन्ट्रास्टिव रिग्रेशन फॉर ऐस्टीमेशन ऑफ आई गेज़

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. अक्षांश गुप्ता, वैज्ञानिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6वीं आईईईई इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑन रीसेंट एडवांस इन फोटोनिक्स (डब्ल्यूआरएपी - 2023)

**स्थान** – आईआईआईटी, इलाहाबाद

**दिनांक** – 07-09 दिसम्बर, 2023

**शोध पत्र – 1.** इफेक्ट ऑफ पार्टिकुलरली ऑर्डड InxGa(1-x)N बेस्ड क्वाटंम बैरियर्स इन थ्री-नाइट्राइड- लेज़र डायोड्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री कशिश सपरा, पीएचडी छात्र

**शोध पत्र – 2.** इफैक्ट ऑफ AIGaN/AIInGaN सुपर-लेटिस बेस्ड पीरियोडिकली ऑल्टर्ड कैरियर इंजेक्शन लेयर फॉर UV-C LEDs

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री इंद्राणी मजूमदार, पीएचडी छात्रा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन अल्ट्रासोनिक्स एण्ड मैटेरियल्स साइंस फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आईसीयूएमएसएटी 2023)

**स्थान** – झाँसी

**दिनांक** – 25-27 नवम्बर, 2023

**शोध पत्र – 1.** डिजाइन एण्ड इंप्लीमेंटेशन ऑफ ट्रांसमीटर सर्किट फॉर अल्ट्रासोनिक ट्रांसड्यूसर्स

**शोध पत्र – 2.** डिजाइन एण्ड इंप्लीमेंटेशन ऑफ रिसीवर सर्किट फॉर कैपेसिटिव अल्ट्रासोनिक ट्रांसड्यूसर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री शुवम गुप्ता, पीएचडी छात्र

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 22वीं इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑन द फिजिक्स ऑफ सेमीकंडक्टर डिवाइसेज़ (आईडब्ल्यूपीएसडी - 2023)

**स्थान** – आईआईटी-मद्रास

**दिनांक** – 13-17 दिसम्बर, 2023

**शोध पत्र – 1.** डिजाइन ऑप्टिमाइजेशन ऑफ मेटामेटेरियल प्रफेक्ट अब्जॉर्बर (एमपीए) यूजिग क्रॉस रेज़नेटर फॉर मिड-आईआर रेंज

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री रंजन कुमार मौर्या, वरिष्ठ वैज्ञानिक

**शोध पत्र – 2.** फैब्रिकेशन एण्ड कैरेक्ट्राइजेशन ऑफ ग्राफीन बेस्ड फ्लेक्सिबल पीजोरेसिस्टिव स्टेन सेंसर्स फॉर वियरबल इलेक्ट्रॉनिक्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री राजीब महतो, पीएचडी छात्र

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 9वीं आईईईई इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स (आईएसईएस - 2023)

**स्थान** – अहमदाबाद

**दिनांक** – 18-20 दिसम्बर, 2023

**शोध पत्र** – सिक्योरिटी इवैल्यूएशन ऑफ लाइटवेट एसबोक्सेज़

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री जुगल गाँधी, आईडीडीपी छात्र

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई माइक्रोवेव्ज़ एंटीना एण्ड प्रोपगैशन कॉन्फ्रेंस (एमएपीसीओएन - 2023)

**स्थान** – अहमदाबाद

**दिनांक** – 10-14 दिसम्बर, 2023

**शोध पत्र** – 1. इलेक्ट्रोमैगनेटिक एण्ड थर्मल एनालिसिस ऑफ डब्ल्यू-बैंड शीट बीम इलेक्ट्रॉन गन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री शुभम चौधरी, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**शोध पत्र** – 2. फ्लेक्सिबल पीडीएमएस-पीवीडीएफ कम्पोजिट थिन फिल्म्स इंजीनियर्ड विद एनहांस्ड डाईलेक्ट्रिक कांस्टेंट एण्ड ट्यूनेबल मेकेनिकल प्रॉपर्टीज फॉर फ्लेक्सिबल कैपेसिटिव प्रेशर सेंसर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री मोहम्मद फरमान, एसआरएफ

## एसीएसआईआर समाचार

### ✓ पी एच डी प्री थीसिस ओपन कोलोक्विम

**1. विषय :** डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ GaN FET फॉर नॉन-इनवेसिव डिटेक्शन ऑफ ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी बायोमार्कर्स

**प्रस्तुतकर्ता :** श्री राजीव रंजन ठाकुर, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 31 अक्टूबर, 2023

**2. विषय :** डेवलपमेंट ऑफ हाई वोल्टेज गैलियम ऑक्साइड फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर

**प्रस्तुतकर्ता :** श्री फरयांशु कछावा, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 29 नवम्बर, 2023

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

1. **कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

(1) **कॉलेज/संस्थान का नाम** – एसकेआईटी, जयपुर

**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 10

**अवधि** – 21 अगस्त से 02 सितम्बर, 2023

(2) **कॉलेज/संस्थान का नाम** – एसकेएन कॉलेज ऑफ एग्रीक्लचर, जोबनेर

**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 39 (+1 फैकल्टी)

**अवधि** – 21 अगस्त से 01 सितम्बर, 2023

### ✓ जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक दौरा

| क्र.सं. | स्कूल/कॉलेज का नाम | दिनांक | छात्रों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों से आए छात्र एवं छात्राएं | अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 | 862 |

कौशल विकास कार्यक्रम एवं जिज्ञासा के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों को संस्थान के महत्वपूर्ण शोध कार्यों की जानकारी दी गई और प्रयोगशालाओं/विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कराया गया।

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

### ✓ तिमाही प्रगति रिपोर्ट

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर जुलाई-सितम्बर, 2023 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 23 अक्टूबर, 2023 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

### ✓ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जुलाई-सितम्बर, 2023 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों को सूचनार्थ भेजा गया।

### ✓ प्रकाशन कार्य

राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 12, अंक 48 (अक्टूबर, 2023)

## विदेशी दौरे

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | देश | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक | रूस | 29.10.2023 से 10.11.2023 तक |
| 2. | डॉ. आनंद अभिषेक, वरिष्ठ वैज्ञानिक | रूस | 29.10.2023 से 10.11.2023 तक |
| 3. | श्री एस. चक्रवर्ती, वरिष्ठ वैज्ञानिक | इटली | 29.10.2023 से 10.11.2023 तक |

## प्रशासनिक समाचार

### ➢ सेवानिवृत्तियाँ

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री गोपाल दत्त शर्मा, बियरर | 31.10.2023 |

### ➢ पदोन्नतियाँ

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अनिर्बान बेरा, व. प्रधान वैज्ञानिक | मुख्य वैज्ञानिक | 28.02.2023 |

(संदर्भ कार्यालय ज्ञापन सं. 4/3-(33)/2023-स्था.,दिनांक 12 दिसम्बर, 2023)

### ➢ नियुक्तियाँ एवं पदस्थापन

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री धीरेन्द्र साहू, तकनीशियन (1) | 29.11.2023 |
| 2. | श्री अरुन सिंह, तकनीशियन (1) | 01.12.2023 |
| 3. | श्री अखलेश कुमार, तकनीशियन (1) | 04.12.2023 |

### ➢ संस्थान से त्यागपत्र/इस्तीफा देकर गए अधिकारी/कार्मिक

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री अन्नु ए., तकनीशियन (1) | 15.11.2023 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)



सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अवसर पर श्री कृष्ण राज सिंह, प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ 'वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सहायक स्टाफ' की मूल्यांकन प्रोन्नति विषय पर व्याख्यान देते हुए





विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के दौरान स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए डॉ. पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी तथा अन्य अधिकारी एवं सहकर्मीगण



सीरी में 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. रमेश जाजू



चिकित्सा शिविर एवं आयुर्वेद प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए डॉ पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी



जनजातीय गोरव दिवस-2023 के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया अमर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी श्री बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए।



जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई




जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान में आए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक



संस्थान की शोध गतिविधियों का अवलोकन करते हुए माननीय केन्द्री य जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिह शेखावत






महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम विषयक पर आमंत्रित व्याख्यान देते हुए श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक एवं सभागार में उपस्थित सहकर्मी



डॉ. जितेन्द्र सिह, मााननीय केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री से सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2022 प्राप्त करते हुए डॉ. मर्सी लता, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ. विषांत, प्रधान वैज्ञानिक